बिहार सरकार
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक – वि० प्रा० (I) स्था०–15/2017/ /पटना, दिनांक –

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द्र पटेल पथ, पटना।

विषय – विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना में अत्यधिक कार्यबोझ के मद्देनजर प्रशाखाओं के पुर्नगठन एवं सचिवालय सेवा के स्थीय रूप से राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों का सृजन के संबंध में।

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य में तकनिकी शिक्षा के विकास एवं राज्य के छात्रों को कम खर्च में तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में तकनीकी संस्थान स्थापित किये जा रहे है। वर्तमान में राज्य मे कुल 19 (उन्नीस) राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं 37 राजकीय पालिटेकनिक संस्थान संचालित है। इसके अतिरिक्त राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ यथा डा. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइन्स सिटी, पटना, सब–रिजनल साइन्स सेन्टर एवं तारामंडल, गया का कार्य विभाग द्वारा संचालित है। वर्तमान में कार्यरत 03 (तीन) प्रशाखाओं के कार्य की अधिकता को दृष्टिपथ में रखते हुए कार्यों के त्वरित निष्पादनार्थ वर्तमान में कार्यरत 03 (तीन) प्रशाखा के स्थान पर कुल 06 (छः) यानि कुल 03 (तीन) अतिरिक्त प्रशाखा के पुर्नगठन किये जाने की स्वीकृति तथा तदनुरुप बिहार सचिवालय सोव के निम्नलिखित राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदों का स्तम्भ–4 में अंकित संख्या स्तम्भ–5 में अंकित बैण्ड वेतन तथा स्तम्भ–6 में अंकित ग्रेड पे गैर–योजना मद में स्थायी रूप से पद सृजित किये जाने तथा 03 (तीन) उच्च वर्गीय लिपिक एवं 03 (तीन) निम्न वर्गीय लिपिक के स्थान पर डाटा इण्ट्री ऑपरेटर तथा 6 (छः) कार्यालय परिचारी की सेवा आउटसोर्स से प्राप्त किये जाने की स्वीकृति प्रशासी पदवर्ग की समिति की बैठक दिनांक 14.09.2017 के मद संख्या– 21 द्वारा दी गई है। मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के आलोक में बिहार सचिवालय सेवा के निम्नलिखित राजपत्रित/अराजपत्रित पदों का गैर–योजना मद में स्थायी रूप से सृजन किया जाता है :–

क्र०सं०	पदनाम	सेवा संवर्ग	पदों की संख्या	बैण्ड वेतन	ग्रेड वेतन
1.	प्रशाखा पदाधिकारी	बि०स०से०	03	9300–34800	4800
2.	सहायक	बि०स०से०	12	9300–34800	4600

02. उक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय 80,39,160=00 (अस्सी लाख उनचालिस हजार एक सौ साठ रूपये) मात्र है।

03. उक्त राशि का व्यय बजट शीर्ष मुख्यशीर्ष– 2203 तकनीकी शिक्षा, उप मुख्यशीर्ष–00, लघुशीर्ष–001, निदेशन और प्रशासन मॉग संख्या– 43, उपशीर्ष–0001 तकनीकी शिक्षा निदेशालय विपत्र कोड–43–2203000010001 से विकलनीय होगा।

04. उक्त राशि की निकासी विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी द्वारा सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना से की जायेगी।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

ह०/–
उप सचिव
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि० प्रा० (I) स्था०–15/2017/ /पटना, दिनांक** –

प्रतिलिपि – वित्त विभाग, बिहार, पटना/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, निर्माण भवन, बेली रोड, पटना/उप निदेशक (यो.), विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/बजट शाखा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/अवर सचिव –सह– निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना/लेखा शाखा, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

उप सचिव

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

बहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि० प्रा० (I) स्था०–15/2017/ /पटना, दिनांक** –

प्रतिलिपि – सभी विभाग, बिहार/सभी प्रमण्डीलय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी पदाधिकारी, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–

उप सचिव

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

बिहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि० प्रा० (I) स्था०–15/2017/ /पटना, दिनांक** –

प्रतिलिपि – अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को अगामी असाधारण राजपत्र में प्रकाशन हेतु प्रेषित।

ह0/–

उप सचिव

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

बिहार, पटना।

ज्ञापांक– **वि० प्रा० (I) स्था०–15/2017/** 2769 **/पटना, दिनांक** – 23-11-2017

प्रतिलिपि – आई०टी० मैनेजर, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

उप सचिव

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,

बिहार, पटना।

पप्पु/22.11.17